# University in News on 14 February 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि में ऑनलाइन एमबीए नए सत्र से शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से ऑनलाइन एमबीए शुरू होने जा रहा है। इसके तहत विद्यार्थी नौकरी करने के साथ घर बैठे प्रबंधन की पढ़ाई कर पाएंगे। उन्हें विश्वविद्यालय आकर कक्षाएं करने की जरूरत नहीं होगी। जुलाई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। जल्द इस संबंध में निर्देश जारी हो सकते हैं।

लविवि के सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूसीओडीई) के तहत लुम्बा की तर्ज पर यह ऑनलाइन एमबीए पढ़ाया जाएगा। एलयूसीओडीई निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि यूजीसी की ओर से लविवि को एमबीए पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने की मंजूरी मिल चुकी है। इसका सिलेबस और स्टडी मटेरियल भी तैयार किया जा चुका है। प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारियां जारी हैं।

प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि लविवि में अभी ऑनलाइम माध्यम से बीकॉम, बीबीए, एमकॉम और अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान व संस्कृत विषय में एमए पाठ्यक्रम चल रहे हैं। इनकी प्रवेश प्रक्रिया दिसंबर में पूरी हो चुकी है। इसके बाद स्टडी मैटेरियल दिया गया है। (संवाद)

### बीटेक, एमए सहित 17 विषयों के परिणाम घोषित

लखनऊ। लविवि ने विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बृहस्पतिवार को स्नातक व परास्नातक के 17 विषयों के परिणाम घोषित किए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीटेक सीएस, सीएसई, सीएसई एआई, ईई, ईसीई व एमई सातवें सेमेस्टर और एमटेक साइबर सिक्योरिटी, ईसीई, सीएसई एआई, एमई प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल जारी हुआ।

एमए फ्रेंच तृतीय व रक्षा अध्ययन प्रथम सेमेस्टर, बीजेएमसी एनईपी, बीएएमएस तृतीय, बीएससी कृषि ऑनर्स एनईपी सातवें, बीसीए पंचम और एमबीए लुम्बा तृतीय सेमेस्टर के परिणाम जारी हुए हैं।

भौतिक विज्ञान के हेड प्रो. ओंकार प्रसाद ने बताया कि बीएससी तृतीय व पंचम सेमेस्टर नॉन एनईपी छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 27 फरवरी को होंगी। विद्यार्थियों को सुबह नौ बजे उपस्थित होना पड़ेगा।

### 20 तक चुन सकेंगे विषय

अधिष्ठाता विज्ञान संकाय प्रो. शीला मिश्रा ने कहा कि बीएससी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के जिन छात्रों ने वोकेशनल कोर्स का चयन नहीं किया है वे 20 तक गूगल फॉर्म लिंक पर विषय चुन सकते हैं। (संवाद)

### प्रो. अंचल आईसीसी की अध्यक्ष नियुक्त

लखनऊ। लविवि में भौतिक विज्ञान विभाग की शिक्षक प्रो. अंचल श्रीवास्तव को आंतरिक शिकायत निवारण समिति (आईसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें तीन वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की सहमति के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी आदेश जारी कर दिया। प्रो. अंचल विवि में सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष भी हैं। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में बीटेक, एमए समेत 17 विषयों का रिजल्ट जारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के 17 विषयों का परिणाम जारी कर दिया गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना भी जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

#### बीएससी भौतिकी के प्रैक्टिकल 27 को

भौतिक विज्ञान के हेड प्रो. ओंकार प्रसाद ने बताया कि बीएससी तृतीय व पंचम सेमेस्टर नॉन एनईपी छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 27 फरवरी को आयोजित होंगी। इसके लिए सभी छात्रों को सुबह नौ बजे उपस्थित होना होगा।

### एलयू में प्रो. अंचल बनीं शिकायत समिति की अध्यक्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की अध्यक्ष भौतिक विज्ञान विभाग की प्रो. अंचल श्रीवास्तव को बनाया गया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि वह पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले तीन वर्षों या आदेश तक इस पद पर बनी रहेंगी।

### एलयू में लुम्बा की तर्ज पर ऑनलाइन एमबीए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 से ऑनलाइन एमबीए में दाखिले की शुरुआत होगी। एलयू सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के तहत लुम्बा की तर्ज पर ऑनलाइन एमबीए पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। जिसके लिए जून या जुलाई माह में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। यह जानकारी एलयूसीओडीई निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने दी। उनका कहना है कि यूजीसी से एमबीए के ऑनलाइन संचालन की मंजूरी मिल चुकी है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### छात्रों के स्टार्टअप को उड़ान देगा लखनऊ विश्वविद्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इनक्यूबेशन सेल ने उड़ान योजना का आरंभ किया

अमृत विचार : छात्रों के स्टार्टअप को सुविधाएं उपलब्ध कराने से लेकर बाजार में उतारने तक की योजना को लेकर उड़ान योजना ने लखनऊ विश्वविद्यालय में काम करना शुरू कर दिया है। विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेल ने उड़ान योजना का आरंभ किया है। विश्वविद्यालय के नवांकुर फाउंडेशन इनक्यूबेशन सेल ने दो महत्वपूर्ण पहल शुरू किया है। जिसमें इंटर्नशिप प्रोग्राम और कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 (आइडिया पिचिंग इवेंट)। जिनके माध्यम से नवाचार, स्टार्टअप को सहयोग देते हुए उसे उद्यम क्षेत्र से जोड़ना है।

इंटर्नशिप स्ट्रीम जैसे बिजनेस डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी सपोर्ट, इवेंट मैनेजमेंट, लीगल एंड कंप्लायंस, फाइनेंस एंड रिसर्च और कंटेंट क्रिएशन के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यावहारिक समझ को विकसित करने पर कार्य कर रहा है।

चयनित इंटर्न स्टार्टअप की दुनिया से रुबरु होंगे और उन्हें सर्टिफिकेट ऑफ़ कम्प्लीशन और प्रशंसा पत्र भी दिया जाएगा। इंटर्नशिप के लिए अब तक 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

#### उड़ान कोहोर्ट प्रोग्राम

उड़ान कोहोर्ट प्रोग्राम 1.0 स्टार्ट अप के विचार-पिचिंग प्लेटफ़ॉर्म है। जिसकी शुरुआत उद्यमियों को उद्योग के विशेषज्ञों और निवेशकों के सामने अपने अभिनव विचारों को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित करने के लिए की गई है। इसके तहत स्टार्टअप को उद्यमों में बदलने के लिए मेंटरशिप और फंडिंग की व्यवस्था की जाएगी।

### 13 शिक्षक बने क्षय रोगियों के निःक्षय मित्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 13 शिक्षकों द्वारा निःक्षय मित्र के रूप में क्षय रोग से पीड़ित बच्चों को गोद लिया गया। शिक्षकों ने ऐसे बच्चों को पोषण पोटली वितरित किया। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ समाज कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान व 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत क्षय रोग से पीड़ित बच्चो को गोद लिया गया।

कार्यक्रम में लखनऊ जिला टीबी अधिकारी डॉ. ए के सिंघल ने टीबी उन्मूलन अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में सरकार, चिकित्सा संस्थान और समाज के हर नागरिक को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने जानकारी दी कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की माता की मृत्यु भी टीबी से हुई, उन्होंने बताया कि लखनऊ में 24000 तथा 6000 समीपस्थ जिलों में टीबी के मरीज हैं। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने क्षय रोग उन्मूलन को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय, प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी, डीएसडब्ल्यू प्रो वीके शर्मा, प्रो. संगीता साहू समेत विश्वविद्यालय के अन्य प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न संकायों के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## JAGRAN CITY PAGE III

### एमटेक, बीसीए समेत विषम सेमेस्टर के रिजल्ट घोषित

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध कालेजों के छात्र-छात्राओं के विषम सेमेस्टर-2024 की परीक्षाओं के परिणाम गुरुवार को जारी कर दिए। इसमें एम.ए फ्रेंच तीसरे सेमेस्टर, बी.टेक सीई, बी.टेक सीएसई, बी.टेक सीएसई एआइ, बी.टेक ईई, बी.टेक ईसीई, बी.टेक एमई सातवें सेमेस्टर, एम.टेक साइबर सुरक्षा, एम.टेक ईसीई, एम.टेक सीएसई एआइ, एम.टेक एमई पहले सेमेस्टर, एम.ए रक्षा अध्ययन पहले सेमेस्टर, बी.जे.एमसी तीसरे सेमेस्टर, बी.ए.एमएस तीसरे सेमेस्टर, बी.एससी एजी आनर्स सातवें सेमेस्टर, बी.सी.ए पांचवें सेमेस्टर और एम.बी.ए तीसरे सेमेस्टर का परिणाम शामिल है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र-छात्राएं परिणाम देख सकते हैं। (जासं)

### अब 20 तक करें वोकेशनल विषय चयन

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में बी.एससी (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के विद्यार्थियों को वोकेशनल विषय के चयन का एक और अवसर दिया गया है। जिन छात्र-छात्राओं ने अब तक किसी कारणवश गूगल फार्म नहीं भरा है या उन्हें विषय आवंटित नहीं हो पाया है, वे अब 20 फरवरी तक गूगल फार्म भरकर अपना विषय चुन सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को समय रहते इस प्रक्रिया को पूरा करने की अपील की है। (जासं)

### प्रो. आंचल बनीं अध्यक्ष

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की प्रो. आंचल श्रीवास्तव आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष नामित की गई हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति के निर्देशानुसार प्रो. आंचल अगले तीन वर्ष अथवा कोई अन्य आदेश जारी होने तक इस पद का दायित्व संभालेंगी। इस नई जिम्मेदारी के साथ वह अपने विभागीय कार्यों का निर्वहन भी करती रहेंगी। (जासं)